भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3263

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दाहोद में एबी-पीएमजेएवाई का कार्यान्वयन

3263. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात के दाहोद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जनवरी 2023 से मई 2026 तक आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत लाभार्थियों और अस्पताल में भर्ती होने वाले रोगियों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) उक्त निर्वाचन क्षेत्र के टियर-II और टियर-III शहरों तथा जनजातीय क्षेत्रों में एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत सार्वजनिक और निजी अस्पतालों के सूचीबद्धता का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त निर्वाचन क्षेत्र में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एएमएम) की संख्या कितनी है तथा ग्रामीण लोगों के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते (आभा) बनाने की दिशा में क्या प्रगति हुई है; और

(घ) एबी-पीएमजेएवाई के शुभारंभ के बाद से उक्त निर्वाचन क्षेत्र में महिलाओं के अस्पताल में भर्ती होने की दर और परिवारों के लिए अपनी जेब से होने वाले चिकित्सा व्यय में अनुमानित कमी से संबंधित विशिष्ट आंकड़े क्या हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र-वार डेटा का विवरण नहीं रखा गया है, तथापि, दाहोद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिलों में बनाए गए आयुष्मान कार्डों का जिला-वार विवरण इस वेबसाइट पर देखा जा सकता है: https://dashboard.nha.gov.in/public/card

इसके अतिरिक्त, जनवरी, 2023 से मई, 2026 तक इस योजना के अंतर्गत दाहोद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के दाहोद जिले में कुल 73,021 और दाहोद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महिसागर जिले में कुल 38,270 अस्पताल में भर्ती होने की अनुमति दी गई है।

योजना के अंतर्गत पैनलबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों का जिला-वार विवरण यहाँ देखा जा सकता है: https://hem.nha.gov.in/search

(ग): 1.86 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के माध्यम से, उप स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ करके व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या प्रदान की जाती है। दिनांक 30.06.2026 की स्थिति के अनुसार एएएम पोर्टल के अनुसार, गुजरात राज्य में संचालित एएएम की संख्या 10625 है, जिसमें दाहोद और महिसागर जिलों में क्रमशः 528 और 227 एएएम शामिल हैं।

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीएडीएम) का एक मुख्य आधारभूत घटक है। यह एक विशिष्ट 14-अंकीय स्वास्थ्य पहचान संख्या है जो नागरिकों को स्वास्थ्य परिचर्या पारितंत्र में अपने डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड तक सुरक्षित रूप से पहुँचने और उनका प्रबंधन करने की अनुमति देती है। आभा कार्ड बनाते समय, केवल आधार में उपलब्ध पते के विवरण के आधार पर जिला-स्तरीय विवरण ही दर्ज किए जाते हैं और एबीडीएम के तहत आभा कार्ड तैयार करने का ग्रामीण-शहरी वर्गीकरण नहीं रखा जाता है। दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, गुजरात राज्य में दाहोद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महिसागर और दाहोद जिलों में क्रमशः कुल 8.60 लाख और 17.93 लाख आभा कार्ड बनाए गए हैं।

(घ): दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, दाहोद जिले में एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत कुल 1.34 लाख अस्पताल में भर्ती अधिकृत किए गए, जिनकी लागत 285.99 करोड़ रुपये थी। महिसागर जिले में, इस अवधि के दौरान 68,167 अस्पताल में भर्ती अधिकृत किए गए, जिनकी लागत 187.71 करोड़ रुपये थी। इनमें से, दाहोद जिले में 63,917 भर्तियां, जो कुल भर्तियों का 47.7% हैं और लागत ₹113.51 करोड़ है, जो पात्र महिला लाभार्थियों से संबंधित थे। इसी प्रकार, महिसागर जिले में, 29,327 भर्तियां, जो कुल भर्तियों का 43.02% हैं और लागत ₹70.82 करोड़ है, जो पात्र महिला लाभार्थियों से संबंधित थे।

पात्र लाभार्थी परिवारों को पैनलबद्ध अस्पतालों में द्वितीयक और विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं तक कैशलेस सुविधा प्रदान करके, अस्पताल में भर्ती होने से जुड़े वित्तीय बोझ को बहुत कम कर दिया है और स्वास्थ्य पर होने वाले अत्यधिक व्यय से सुरक्षा प्रदान की है।

******